# संयुक्त प्री–मेडिकल प्रवेश परीक्षा – 2014
# सी.पी.एम.टी.–2014 (C.P.M.T. – 2014)

## किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ

## विवरण पुस्तिका (Brochure)

उत्तर प्रदेश राज्य की
एम.बी.,बी.एस., बी.डी.एस., बी.एच.एम.एस., बी.ए.एम.एस., बी.यू.एम.एस. पाठ्यक्रम
(**M.B.B.S., B.D.S., B.H.M.S., B.A.M.S., B.U.M.S. Courses**)

**परीक्षा की तिथि – रविवार, 22 जून, 2014** | **Examination Date – Sunday, 22nd June, 2014**

अध्यक्ष : प्रो0 रविकान्त, कुलपति, के.जी. चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ
मुख्य संयोजक : प्रो0 ए0 के0 सिंह, विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक सर्जरी विभाग
संयोजक : प्रो0 अब्बास ए0 मेहदी, विभागाध्यक्ष, बायोकेमिस्ट्री विभाग
संयोजक : प्रो0 संदीप भट्टाचार्या, फिजियोलॉजी विभाग


पत्र व्यवहार का पता
मुख्य संयोजक
यू.पी.सी.पी.एम.टी. – 2014
परीक्षा भवन (पी.एच.आई. बिल्डिंग)
के.जी. चिकित्सा विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226003
ईमेल : upcpmtee2014@gmail.com
वेबसाइट : www.upcpmtee2014.com
दूरभाष क्रमांक : 0522–2999853, 2258727,
फैक्स : 0522–2258818, 2257539

**Address for Correspondance**
Chief Coordinator
U.P.C.P.M.T. – 2014
Pariksha Bhawan (PHI Building),
K.G. Medical University,
Lucknow-226 003
Email : upcpmtee2014@gmail.com
Website : www.upcpmtee2014.com
Phone No. : 0522-2999853, 2258727
Fax No. : 0522-2258818, 2257539



**अस्वीकृति (Disclaimer)** परीक्षा निकाय, के.जी. चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ प्रार्थना पत्रों की प्राप्ति, प्रवेश परीक्षा को सम्पादित कराना एवं वरीयता सूची को तैयार करने हेतु उत्तरदायी है। परीक्षा के उपरान्त जैसे काउन्सिलिंग, प्रवेश की प्रक्रिया, परीक्षार्थियों के विद्यालय/विश्वविद्यालय/संस्था के चयनों हेतु उत्तरदायी **नहीं** है।

CPMT 2014

## विषय सूची
## (Index)

पृष्ठ संख्या


| | | |
|---|---|---|
| 1. | सी.पी.एम.टी. 2014 से सम्बन्धित मुख्य तिथियाँ | 3 |
| 2. | महत्वपूर्ण सूचनाएं | 4 |
| 3. | आवेदन एवं भुगतान प्रक्रिया | 4 - 6 |
| 4. | सामान्य सूचनाएं | 7 |
| 5. | परीक्षा कार्यक्रम | 8 |
| 6. | अर्हताएं | 9 - 10 |
| 7. | आरक्षण | 11 - 13 |
| 8. | प्रवेश-पत्र | 13 |
| 9. | अनुचित साधन | 14 |
| 10. | चयन एवं काउंसिलिंग | 14 - 16 |
| 11. | कॉलेजों की सूची/पाठ्यक्रम एवं सीट संख्या | 17 - 18 |
| 12. | प्रवेश परीक्षा पाठ्यक्रम | 18 |
| 13. | आरक्षण श्रेणियों के कोड | 19 |
| 14. | प्रमाण-पत्रों के प्रारूप | 20 - 26 |


## महत्वपूर्ण सूचना
## (Important Information)

1. यह विवरण पुस्तिका उत्तर प्रदेश शासनादेश सं. 964/71-2-14-127/2011 दिनांक 17 अप्रैल 2014 के अनुसार बनाई गई है।

   विवरण पुस्तिका तथा शासनादेश में विसंगति की स्थिति में शासनादेश ही मान्य होगा।
2. शासन को आवश्यकता पड़ने पर किसी भी समय आदेशों को संशोधन करने का अधिकार है, तथा प्रत्येक पाठ्यक्रम की सीटों-कालेज में किसी भी समय कोई भी संशोधन करने का भी अधिकार रहेगा।
3. सी.पी.एम.टी.-2014 परीक्षा से संबंधित समस्त विधिक विवाद उ.प्र. उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के क्षेत्राधिकार में ही होंगे।
4. प्रत्येक अभ्यर्थी को यह स्पष्ट रूप से सूचित किया जाता है कि सी.पी.एम.टी.-2014 के आयोजन में परीक्षा एवं परीक्षाफल घोषित किये जाने तक का कार्य किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ.प्र., लखनऊ द्वारा संपन्न कराया जायेगा। इस विषय में किसी भी सूचना हेतु निम्नलिखित पते पर संपर्क स्थापित करें।

**चेयरमैन,**
**सी.पी.एम.टी.-2014**
**किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ.प्र. लखनऊ-226003 (उत्तर प्रदेश)**

5. मेरिट सूची में आये छात्रों को विभिन्न अर्ह श्रेणी में उपलब्ध सीटों पर आवंटन शासन द्वारा गठित काउंसिलिंग बोर्ड के द्वारा काउंसिलिंग के माध्यम से किया जायेगा।
6. किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ.प्र., लखनऊ द्वारा सी.पी.एम.टी.-2014 के लिए कोई भी कोचिंग संस्थान नहीं चलाया

CPMT 2014

जाता है, और न ही ऐसे किसी संस्थान से उसका कोई संबंध है।

7. कॉलेजों के नाम, सीटों की संख्या, आरक्षण नीति तथा नियम इत्यादि, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा, उ.प्र. तथा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित की गयी हैं। इसके लिये परीक्षक संस्था किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ.प्र. लखनऊ का कोई दायित्व नहीं है।

## चेतावनी (Warning)

- **परीक्षार्थियों को संज्ञान में रखना होगा कि आवेदन करने से पूर्व अधिमानी अर्हता का आंकलन स्वयं करना होगा। परीक्षा निकाय अर्हता की पात्रता का आंकलन नहीं करेगी। अर्हता का आंकलन मूल प्रमाण पत्रों से काउन्सिलिंग/प्रवेश के समय होगा। अर्हता के अभाव में प्रवेश सम्भव नहीं होगा, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।**
- **बायोमेट्रिक पद्धति (शारीरिक चिन्हों जैसे ऊँगली के निशानों अथवा आँखों की पुतलियों द्वारा व्यक्ति विशेष की पहचान की पद्धति) से अभ्यर्थी की पहचान का अनुसरण होगा। चयनित अभ्यर्थी के विरूद्ध किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि, परीक्षा, काउन्सिलिंग या प्रवेश के पश्चात पाये जाने पर अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त किये जाने के साथ ही कानूनी कार्यवाही हेतु उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया जायेगा।**

## सी.पी.एम.टी. - 2014 से सम्बन्धित मुख्य तिथियाँ

| | | |
|---|---|---|
| 1 | फार्म डाउनलोड प्रारम्भ करने की तिथि | 18 अप्रैल, 2014 से |
| 2 | **फार्म भरने की अन्तिम तिथि** | **20 मई 2014<br>सांय 5:00 बजे तक** |
| 3 | प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि | 05 जून, 2014 से |
| **4** | **प्रवेश परीक्षा की तिथि** | **22 जून, 2014** |
| 5 | परीक्षा परिणाम घोषित करने की तिथि | 07 जुलाई, 2014 |
| 6 | स्क्रूटनी हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि | 12 जुलाई, 2014 |
| 7 | प्रथम चरण की काउन्सिलिंग | 25 जुलाई 2014 से पूर्व |
| 8 | प्रथम चरण की काउन्सिलिंग से आवंटित कालेज में योगदान देने की अन्तिम तिथि | 31 जुलाई, 2014 |
| 9 | द्वितीय चरण की काउन्सिलिंग | 28 अगस्त 2014 से पूर्व |
| 10 | द्वितीय चरण की काउन्सिलिंग से आवंटित कालेज में योगदान देने की अन्तिम तिथि | 30 अगस्त, 2014 |
| 11 | शैक्षणिक सत्र का प्रारम्भ | 01 अगस्त, 2014 |
| 12 | एम.बी.,बी.एस./बी.डी.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश की अन्तिम तिथि | 30 सितम्बर, 2014 |
| 13 | बी.एच.एम.एस., बी.ए.एम.एस., बी.यू.एम.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश की अन्तिम तिथि | 30 अक्टूबर, 2014 |

टिप्पणी काउन्सिलिंग की तिथियों में परिवर्तन की घोषणा महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण (डी.जी.एम.ई.) D.G.M.E. उत्तर प्रदेश, लखनऊ की वेबसाइट www.updgme.in पर उपलब्ध होगी।

CPMT 2014

## महत्वपूर्ण सूचनाएँ

1. आवेदन केवल आनलाइन द्वारा स्वीकार होगा। कोई भी प्रार्थना पत्र डाक या व्यक्तिगत रूप से स्वीकार नहीं होगा।
2. आवेदक ऐक्सिस बैंक/इलाहाबाद बैंक में नगद भुगतान के 2 दिन पश्चात आनलाइन आवेदन कर सकेंगें। अन्तिम तिथि नगद भुगतान की शनिवार, 17 मई 2014 निश्चित है।
3. आवेदक जो भुगतान इण्टरनेट पेमेण्ट गेटवे (डेबिट/क्रेडिट कार्ड) माध्यम से करते हैं वे आवेदन 20 मई 2014 को सांय 5 बजे तक कर सकते हैं।
4. नान रिफण्डेबल आवेदन शुल्क सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग आवेदकों के लिए ₹ 1250/- एवं ₹ 650/- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति इसमें काउन्सिलिंग शुल्क (Counselling Fee) ₹ 50/- सम्मिलित है) + बैंक ट्रान्जेक्सन शुल्क आवेदक द्वारा स्वयं वहन करना होगा।

| भुगतान का माध्यम | बैंक | शुल्क |
|---|---|---|
| नगद | ऐक्सिस बैंक | ₹ 30/- |
| | इलाहाबाद बैंक | ₹ 30/- |
| इण्टरनेट पेमेन्ट | डेबिट कार्ड | 0.75% + सर्विस टैक्स |
| | क्रेडिट कार्ड | 1.50% + सर्विस टैक्स |

5. इस विवरण पुस्तिका में उल्लखित अर्हता खण्ड के अुनसार ही आवेदक को अपनी पात्रता का आंकलन स्वयं करना होगा। परीक्षा निकाय आवेदक की पात्रता का आंकलन नहीं करेगा। पात्रता मूल प्रमाण पत्रों के आधार पर ही काउन्सिलिंग/प्रवेश के समय ही सुनिश्चित होगी। अयोग्य पात्र प्रवेश के योग्य नहीं होंगें और वे इसके स्वयं उत्तरदायी होंगें।
6. आवदेन स्वीकार करने की अन्तिम तिथि मंगलवार, 20 मई 2014 सांय 5 बजे तक।
7. आवेदक विवरण पुस्तिका (Brochure) पी.डी.एफ. कापी को वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। हार्डकापी ₹ 100/- के सी.पी.एम.टी. 2014 के पक्ष में भुगतान कर प्राप्त कर सकते हैं।

### आवेदन कैसे करना है :

कृपया विवरण पुस्तिका (Brochure) को डाउनलोड कर ध्यानपूर्वक अवलोकन करें।
महत्वपूर्ण सूचना आवेदन के सन्दर्भ में -

1. आवेदन पत्र केवल आनलाइन भरना है, किसी भी कागज पर भेजने की आवश्यकता नहीं। कृपया अपने आवेदन की प्रिन्ट, आनलाइन आवेदन भरने के पश्चात सुनिश्चित कर लें।
2. अतिशीघ्र आनलाइन आवेदन करें अन्तिम तिथि की प्रतिक्षा न करें। किसी भी प्रकार की आनलाइन तकनीक व्यवधान के लिए "परीक्षा निकाय" उत्तरदायी नहीं होगा।
3. एक पूर्ण आवेदन के पश्चात किसी भी प्रकार का परिवर्तन/संशोधन मान्य नहीं है।
4. अपूर्ण आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा और किसी भी प्रकार का पत्राचार मान्य नहीं होगा।
5. अन्तिम आवेदन के पहले पूरी तरह सुनिश्चित कर लें कि आवेदन में प्रदत्त सूचनाएं सही हैं। यदि किसी कारणवश कुछ रह जाए तो पंजीकृत (पूर्व में उपयोग की हुई) ईमेल आई.डी. के माध्यम से संशोधित सूचना प्रेषित कर सकते हैं। यदि आधार सही है तो आपकी सूचना समावेशित कर ली जायेगी।
6. एक से अधिक बार आवेदन न करें, अन्यथा पहले वाली भी निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी भी प्रकार के दस्तावेज डाक द्वारा भेजने की आवश्यकता नहीं है।
8. भविष्य में पत्राचार के लिए आवेदन पत्र आई.डी. नम्बर (application ID number) का उल्लेख करें।

CPMT 2014

**आवेदन प्रक्रिया :**

आनलाइन आवेदन वेबसाइट www.upcpmtee2014.com

1. आपको आनलाइन आवेदन करने के लिए कम्प्यूटर, इण्टरनेट कनेक्शन, प्रिन्टर की आवश्यकता होगी। आवेदन पत्र भरने से पहले कृपया इस विवरण पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आवेदन करते समय आपको Scanned Photo एवं Scanned Declaration Form वर्णनन के अनुसार तैयार रखें।
2. **लागइन (Log in)** : सर्वप्रथम उपरोक्त वेबसाइट पर 10 अंकों वाले मोबाइल नम्बर से लागइन करें। पासवर्ड में अपनी जन्मतिथि अंकित करें। अपना ईमेल आई.डी. अंकित करें। स्मरण रहे कि आपको सारे पत्राचार लागइन में प्रयुक्त हुए मोबाइल नम्बर (पंजीकृत मोबाइल नम्बर Registered Mobile Number) एवं ईमेल आई.डी. (Registered Email ID) से ही करने होंगें। बाद में, प्रयुक्त हुए मोबाइल नम्बर एवं ईमेल आई.डी. से ही प्रवेश पत्र डाउनलोड करना होगा। एक मोबाइल नम्बर तथा एक ही ईमेल आई.डी. केवल एक ही अभ्यर्थी के लिए ही प्रयोग हो सकता है।
3. आपका स्वतः एक वेरिफिकेशन कोड आपके द्वारा प्रयोग किये गये मोबाइल नम्बर एवं ईमेल आई.डी. पर प्रेषित कर दिया जायेगा। वेरिफिकेशन कोड के उपरान्त दिये गये एक लिंक पर जाकर आवेदन फार्म को भरना होगा।

**4. भुगतान की प्रक्रिया**

क. **आनलाइन पेमेन्ट** (Online payment) :

डेबिट/क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करें (किसी भी बैंक का)।

नान रिफण्डेबल (non-refundable) आवेदन शुल्क क्रमशः सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग आवेदकों के लिए ₹ 1250/- एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों के लिए ₹ 650/- है + इसमें काउन्सिलिंग शुल्क ₹ 50/- सम्मलित है। अतिरिक्त बैंक ट्रान्जेक्सन शुल्क आवेदक द्वारा स्वयं वहन करना होगा।

ख. **ऑफलाइन पेमेन्ट** (Offline payment in bank) :

वेबसाइट पर उपलब्ध चालान फार्म (ऐक्सिस बैंक Axis Bank अथवा इलाहाबाद बैंक Allahabad Bank) को अपने आरक्षण के अनुसार डाउनलोड कर लें।

अ. सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी द्वारा ₹ 1250/- + ₹ 30/- (बैंक शुल्क) तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति द्वारा ₹ 650/- + ₹ 30/- (बैंक शुल्क) को ऐक्सिस बैंक में खाता संख्या 914020013065928 सी.पी.एम.टी. 2014 में नगद भुगतान करने के उपरान्त बैंक एक Finacle Transaction reference no./जरनल संख्या (Journal Number)/चालान संख्या (Challan Number) प्रदान करेगी जिसका उपयोग आवेदन पत्र में करने में करना होगा।

ब. सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी द्वारा ₹ 1250/- + ₹ 30/- (बैंक शुल्क) तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति द्वारा ₹ 650/- + ₹ 30/- (बैंक शुल्क) इलाहाबाद बैंक के खाता संख्या 50199762403 सी.पी.एम.टी. 2014 में नगद जमा करने के उपरान्त बैंक एक चालान संख्या/जरनल नम्बर (Challan Number/Journal Number) प्रदान करेगी जिसका उपयोग आवेदन पत्र में करने में करना होगा।


टिप्पणी : Offline नगद भुगतान करने के 2 दिनों के कार्य दिवस के उपरान्त ही आवेदन की प्रक्रिया की जा सकेगी।

5. **फोटोग्राफ :**

एक जेपीजी (.jpg) फार्मेट फाइल होनी चााहिए। फोटोग्राफ सम्बन्धी महत्वपूर्ण सूचनाओं का अनुपालन करना होगा अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा। फोटो का विवरण निम्न है :
आवेदन के लिए केवल रंगीन फोटोग्राफ खिंचवायें। फोटो खिचवाते समय एक छोटे कार्ड पर अपना नाम तथा फोटो खिंचवाने वाले दिन की तारीख लिखकर अपने गर्दन के सामने अवश्य रखें ताकि वह फोटो में स्पष्ट रूप से छपे। इसकी 10 प्रतियाँ (Passport size) बनवाकर रखें जो प्रवेश-पत्र, परीक्षा काउंसिलिंग, प्रवेश इत्यादि में काम आयेंगीं (Sample photo given)।

**फोटोग्राफ सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण सूचना**

1. उत्तम क्वालिटी की रंगीन फोटो का साइज 3.5 x 4.5cm होना आवश्यक है तथा पूरा चेहरा कैमरे को देखते हुए सफेद बैक ग्राउन्ड पर, बिना काले चश्में, बिना टोपी के होना आवश्यक है।
2. सिर से ऊपर से ठुड्डी की दूरी कम से कम 2 से 3 सेमी होनी चाहिए।
3. पोलेरॉयड कैमरा व इंकजेट प्रिंटर के फोटो मान्य नहीं होंगे।
4. निम्नकोटि के फोटो के साथ आवेदन निरस्त कर दियें जायेंगे।
5. फोटो 31 मार्च, 2014 से पहले का न हो।




**Sample Photo**

6. वेबसाइट से **Declaration Form download** कर लें। उसमें वांछित सूचना तथा फोटो किसी राजपत्रित अधिकारी अथवा अपने कालेज के प्रधानाचार्य से प्रमाणित कराके भरकर पूरे **पृष्ठ को scan कर upload कर दें**। इससे अपनी पासपोर्ट साइज (3.5 x 4.5 cm) की फोटो चिन्हित स्थान पर चिपकायें, अपनी Handwriting का नमूना, दायें हाथ की तर्जनी उंगली (index finger) का नमूना, अपने तथा अभिवावक/पिता का नाम तथा हस्ताक्षर करवा दें।
7. लागइन (Log in) करने के उपरान्त आवश्यक दस्तावेज अपलोड (upload) कर आवेदन फार्म भरें। प्रीव्यू (preview) देखने के साथ संशोधन भी कर सकते हैं। पूर्णरूप से भरे हुए फार्म को Submit बटन द्वारा जमा करें। एक बार Submit किये जा चुके फार्म में फिर कोई परिवर्तन/संशोधन नहीं होगा।
8. फार्म को सफलतापूर्वक Submit किये जाने के उपरान्त आपके मोबाइल और ईमेल आई.डी. (हमारे पास पंजीकृत) पर आपका आवेदन क्रमांक (application number) भेज दिया जायेगा।
9. अपने आवेदन फार्म का एक प्रिन्ट अवश्य ले लें और उसे Save भी कर लें। आवेदन क्रमांक नम्बर को लिख लें, पत्राचार में इसकी आवश्यकता आगे पड़ेगी।
10. उपरोक्त फार्म अपने लैपटाप (Laptop), डेस्कटाप (Desktop), किसी भी साइबर कैफै (Cybercafe), जिले के N.I.C. (National Information Centre) आफिस से या सरकारी मेडिकल कालेज से सहयोग प्राप्त कर भर सकते हैं।

**पूर्णरूप से भरे हुए फार्म को जमा करने की अन्तिम तिथि**
**मंगलवार 20 मई, 2014 को सांय 5:00 बजे तक**

GPMT 2014

## 1. कम्बाइंड प्री मेडिकल टेस्ट-2014 (सी.पी.एम.टी.-2014) के संदर्भ में सामान्य सूचना
## (General Information related to Combined Pre-Medical Test-2014)

(क) सी.पी.एम.टी.-2014 का आयोजन निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2014-2015 के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु किया जायेगा।

1. एम.बी.बी.एस.(M.B.B.S) 2. बी.डी.एस.(B.D.S) 3. बी.एच.एम.एस.(B.H.M.S)
4. बी.ए.एम.एस.(B.A.M.S) 5. बी.यू.एम.एस.(B.U.M.S)

(ख) सी.पी.एम.टी.-2014 में चार विषयों में केवल एक ही प्रश्नपत्र होगा तथा परीक्षा एक ही दिन (रविवार 22 जून, 2014) में तथा एक ही पाली में निम्न कार्यक्रमानुसार होगीः

एक प्रश्नपत्र : रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान।

समय : प्रातः 09.00 बजे से 12.00 बजे अपरान्ह तक।

प्रत्येक विषय के 50 प्रश्न होंगे तथा प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा अर्थात प्रश्नपत्र अधिकतम 200 अंकों का होगा। प्रश्न इंटरमीडिएट (10+2) यू.पी.बोर्ड स्तर के होंगे।

(ग) सभी विषयों के प्रश्नपत्र वस्तुनिष्ठ (Objective Type) होंगे तथा निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

(घ) चयनित अभ्यर्थियों जिन्होंने उत्तर प्रदेश की हाई स्कूल परीक्षा हिन्दी से उत्तीर्ण नहीं की है उन्हें हिंदी विषय का एक प्रश्नपत्र जो हाईस्कूल स्तर के सामान्य ज्ञान पर आधारित होगा, उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा। इस परीक्षा को उत्तीर्ण किये बिना चयनित अभ्यर्थी डिग्री के लिए अर्ह नहीं होंगे। यह परीक्षा बाद में शासनादेश संख्या 4171/71-3-07-52/07 दिनांक 14 नवम्बर 2007 की व्यवस्था के अनुसार होगी।

(ङ) विभिन्न पाठ्यक्रमो के लिए आवश्यक अर्हताएं मद संख्या 3 में दी गयी हैं।

(च) सी.पी.एम.टी.-2014 के परीक्षक मंडल द्वारा प्रश्नपत्रों के निर्धारित उत्तर व परीक्षाफल अंतिम रूप से मान्य होंगे। उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन केवल Computer द्वारा ही होगा। किसी भी स्थिति में उत्तर पुस्तिकाओं का पुनः मूल्यांकन (Re-evaluation) नहीं किया जायेगा। परन्तु पुनरीक्षण (Scrutiny) का प्रावधान है। विश्वविद्यालय द्वारा O.M.R. Sheet की छायाप्रति उपलब्ध नहीं कराई जायेगी।

(छ) प्रश्न पत्र के उत्तर के लिये परीक्षा प्रारम्भ होने के उपरान्त पूरा 3 घण्टे का समय दिया जायेगा।

(ज) परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न पत्र परीक्षा कक्ष में ही छोड़ कर जाना होगा।

(झ) परीक्षाफल घोषित होने के बाद शीघ्र ही प्रश्न पत्र के सही उत्तर (Key) वेबसाइट www.upcpmtee2014.com पर प्रकाशित किये जायेंगे।

(ञ) माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, (लखनऊ बैंच) द्वारा सी.पी.एम.टी. के संबंध में पारित आदेशों का अनुपालन माननीय उच्चतम न्यायालय में दायर रिट याचिका संख्या 418/एम./बी. ऑफ 1998 के विरुद्ध अनुज्ञा याचिका में पारित आदेश के अधीन होगा।

CPMT 2014

## 2. परीक्षा कार्यक्रम
## (Examination Schedule)

सी.पी.एम.टी.–2014 का कार्यक्रम
परीक्षा तिथि– 22 जून, 2014 (रविवार)

| समय | प्रश्न पत्र |
|---|---|
| प्रातः 09.00 बजे से 12.00 बजे अपरान्ह तक | Only One Paper Containing Zoology (जंतु विज्ञान), Botany (वनस्पति विज्ञान), Chemistry (रसायन विज्ञान) and Physics (भैतिक विज्ञान) |

**टिप्पणी :**

1. परीक्षा कार्यक्रम अपरिवर्तनीय है, चाहे उपर्युक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश ही क्यों न घोषित हो जाये।
2. परीक्षा स्थल पर कैलकुलेटर, लॉगटेबल, डिजिटल डायरी इत्यादि या किसी भी प्रकार का संचार उपकरण (सेल्युलर फोन, ब्लूटूथ आदि) लाना वर्जित है।
3. सभी अभ्यर्थी परीक्षा के लिए समय से 60 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर स्थान ग्रहण करें तथा उत्तरपुस्तिका में आवश्यक सूचनाएं प्रश्न-पत्र शुरू होने से पूर्व भर लें। इसके लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा।
4. प्रश्न-पत्र पर लगी हुई सील केन्द्र अधीक्षक के आदेशानुसार ध्वनि संकेत पर कक्ष निरीक्षक द्वारा घोषणा किये जाने पर ही तोड़ें।
5. प्रश्न पत्र मे सम्मिलित प्रश्न हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में रचित होंगे।
6. परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थी को विभिन्न सुरक्षा जॉच से गुज़रना पड़ सकता है। परीक्षा केंद्र पर उनकी फोटोग्राफी की जायेगी व बायोमेट्रिक स्कैन, फिंगर प्रिंट इत्यादि लिया जायेगा। यह प्रक्रिया अनिवार्य रहेगी और अगर अभ्यर्थी इससे विमुख होता है तो उसकी उम्मीदवारी को निरस्त किया जायेगा।
7. सुरक्षा जॉच हेतु अभ्यर्थी को परीक्षा समाप्ति के पश्चात भी रूकना पड़ सकता है। अतः उचित होगा कि अभ्यर्थी अपनी वापसी की यात्रा इसे ध्यान में रखते हुये प्लान करें।

CPMT 2014

## 3. अर्हताएं (Eligibility)

(क) अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश के मूल निवासी की परिभाषा मद संख्या 11 में प्रमाण पत्र - 1 की टिप्पणी में दी गयी है। जिन अभ्यर्थियों ने हाईस्कूल एवं इन्टरमीडिएट अथवा समकक्ष दोनों परीक्षाएं उ.प्र. से उत्तीर्ण की हो, उन्हें उ.प्र.में निवास का प्रमाण पत्र आवश्यक नहीं होगा। यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा हाईस्कूल एवं इन्टरमीडिएट अथवा समकक्ष दोनों, अथवा इन दो में से एक भी परीक्षा उत्तर प्रदेश राज्य के बाहर से उत्तीर्ण की हो तो उन्हें उ0प्र0 के मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र लाना आवश्यक होगा।

(ख) **आयु सीमा**

प्रवेश परीक्षा में बैठने के लिए अभ्यर्थी का जन्म 31 दिसंबर 1997 को या उसके पूर्व हुआ हो। आयु के सम्बन्ध में कोई शिथिलता नहीं बरती जायेगी।

(ग) **शैक्षिक अर्हता**

(i) अभ्यर्थी को किसी भारतीय विश्वविद्यालय/बोर्ड या अन्य मान्यता प्राप्त शिक्षण/परीक्षण संस्थान द्वारा संचालित इंटरमीडिएट (विज्ञान) या समकक्ष परीक्षा में भौतिकविज्ञान, रसायनविज्ञान, जीव विज्ञान (जिसमें प्रयोगात्मक परीक्षा भी शामिल होगी) तथा अंग्रेजी विषय सहित उत्तीर्ण होना आवश्यक है। एम.बी.बी.एस तथा बी.डी.एस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु मेडिकल काउन्सिल आफ इण्डिया/डेण्टल काउंसिल ऑफ इण्डिया द्वारा निर्धारित अर्हताएं मान्य होंगी, जो कि निम्नवत है :-

**(a)** The Higher Secondary Examination or the Indian School Certificate Examination which is equivalent to 10+2 higher secondary examination after a period of 12 years study, the last two years of study comprising of Physics, Chemistry, Biology and Mathematics or any other elective subject with English at a level not less than the core course for English as prescribed by the National Council of Educational Research & Training after the introduction of the 10+2+3 years educational structure as recommended by the National Committee on Education.

**Note:** Where the course contents is not as prescribed for 10+2 education structure of the National Committee, the candidates will have to undergo a period of one year pre-professional training before admission to the Medical/Dental/Ayurvedic/Homoeo - pathic/Unani College:

Or

**(b)** The intermediate examination in science of an Indian University, Board or other recognized examination body with Physics, Chemistry and Biology which shall include a practical test in these subjects and also English as a compulsory subject.

Or

**(c)** The pre-professional/pre-medical examination with Physics, Chemistry and Biology, after passing either the higher secondary school examination or the pre-university of an equivalent examination shall include a practical test is Physics, Chemistry and Biology and also English as a compulsory subject:

Or

**(d)** The first year of the three years degree course of a recognized university, with Physics, Chemistry and Biology including a practical test in these subjects provided the examination is a "university Examination" and candidate has passed 10+2 with English at a level not less than a core course.

Or

**(e)** B.Sc examination of an Indian University, provided that he/she has passed the B. Sc examination with not less than two of the following subjects in Physics, Chemistry, Biology (Botany, Zoology) and further that he/she has passed the earlier qualifying examination with the following subjects - Physics, Chemistry, Biology and English.

CPMT 2014

Or

**(f)** Any other examination which, in scope and standard is found to be equivalent to the intermediate science examination of an Indian University/Board taking Physics, Chemistry and Biology including a practical test in each of these subjects and English.

**(ii)** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से विज्ञान विषय सहित मध्यमा परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी केवल बी.ए.एम.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**(iii)** बी.यू.एम.एस. पाठ्यक्रम के अभ्यर्थियों को उपर्युक्त अर्हता (प) के अतिरिक्त कक्षा 10 के समकक्ष उर्दू विषय की परीक्षा में भी उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।

**(iv)** प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए उन सभी अभ्यर्थियों को अनुमति प्रदान कर दी जायेगी जो अर्हकारी परीक्षा मे 2014 में सम्मिलित हो रहे हों। अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण-पत्र अथवा/अंक तालिका काउंलिसिंग के समय प्रस्तुत करना होगा। अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण-पत्र अथवा अंक तालिका काउंसिलिंग के समय न प्रस्तुत करने की दशा में आवंटन नहीं किया जायेगा।

**(v)** एम.बी.बी.एस. तथा बी.डी.एस. पाठ्यक्रमों के लिए अनारक्षित अभ्यर्थियों को अर्हता परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा जीव विज्ञान विषयों में औसत 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है, इसके साथ ही सी.पी.एम.टी. में 50 प्रतिशत अंक भी प्राप्त करने अनिवार्य है। विकलांग उपश्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए दोंनो मानक 50 प्रतिशत के स्थान पर 45 प्रतिशत होंगे। (MCI letter no. MCI-34(1) (GEN/2009-Med-2569) Dated 21.04.2009) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए दोनों मानक 50 प्रतिशत के स्थान पर 40 प्रतिशत होंगे।

**(vi)** बी.एच.एम.एस., बी.ए.एम.एस. तथा बी.यू.एम.एस. पाठ्यक्रमों हेतु सी.पी.एम.टी.-2014 परीक्षा में न्यूनतम 35 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है।

**(vii)** अभ्यर्थी घोषणा पत्र **(Declaration Form)** पर विशेष ध्यान दें। अभ्यर्थी घोषणा पत्र को डाउनलोड करें व उसे पूर्णरूप से भरकर अपनी फोटो को चस्पाकर सत्यापित करें, पूरे पृष्ठ को स्कैन कर आवेदन पत्र के साथ अपलोड करना होगा। घोषणा पत्र काउन्सिलिंग के समय मूलरूप में लाना अनिवार्य है। काउन्सिलिंग के समय घोषणा पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत न करने पर उनके अभ्यर्थन पर विचार नहीं किया जायेगा।

CPMT 2014

## 4. आरक्षण
## (Reservation)

(अ) सी.पी.एम.टी.-2014 की प्रवेश परीक्षा के माध्यम से भरी जाने वाली प्रत्येक मेडिकल कालेज में उपलब्ध प्रत्येक पाठ्यक्रम की कुल सीटों पर निम्नवत ''वर्टिकल'' आरक्षण प्रदान किया जायेगा :

| | |
|---|---|
| 1.अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी | 21% |
| 2. अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थी | 02% |
| 3. अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थी | 27% |

अन्य पिछड़ा वर्ग का तात्पर्य विधायी अनुभाग की अधिसूचना सं. 1576/17-वि.1-1(क)11-2002 दिनांक 31 अगस्त, 2002 द्वारा अधिसूचित उ.प्र. अधिनियम सं. 1/2002 की ''अनुसूची-एक'' में इंगित वर्गों से है। पिछड़े वर्ग के वह अभ्यर्थी जो उक्त अधिनियम 1994 की ''अनुसूची-दो'' अधिसूचना संख्या 22/16/12-का 2/1995 टी.सी. दिनांक 8-12-1995 द्वारा यथा संशोधित से आच्छादित न हो उनके पुत्र/पुत्री को उक्त आरक्षण अनुमन्य होगा एवं विधायी अनुभाग-1 की अधिसूचना संख्या-1576/सत्रह- वि-1(क)-11/2002 दिनांक 31 अगस्त, 2002 द्वारा अधिसूचित उ.प्र. अधिनियम संख्या-1 सन् 2002 भी प्रभावी होगा।

सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ यदि उल्लिखित कोई आरक्षित वर्ग का अभ्यर्थी योग्यता के आधार पर चयनित होता है तो उसे आरक्षित सीटों में समायोजित नहीं किया जायेगा, जैसा कि इस संबंध में शासनादेश पूर्व में निर्गत किया जा चुका है। अतः उपरोक्त प्रस्तर-अ में उल्लिखित वर्ग की सीटों को भरने से पहले योग्यता के आधार पर 50 प्रतिशत सामान्य सीटों को भरा जायेगा। स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत स्थापित किये जाने वाले मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध प्रत्येक पाठ्यक्रम की कुल सीटों पर निम्नवत ''वर्टीकल'' आरक्षण प्रदान किया जायेगा। (शासनादेश सं.-18/26व.प्र./2010/जी.-112-2010 दिनांक 14.01. 2011)

| | |
|---|---|
| (i) अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थी | 70% |
| (ii) अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थी | 15% |

(ब) सी.पी.एम.टी.- 2014 में विभिन्न श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए निम्नवत ''हॉरिजॉटल'' आरक्षण प्रदान किया जायेगा तथा सभी पाठ्यक्रमों में भरी जाने वाली प्रत्येक कालेज की कुल सीटों पर शारीरिक रूप से विकलांगों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों तथा भूतपूर्व सैनिक (युद्ध में अपंग/सेवानिवृत्त/शहीद) के पुत्र/पुत्रियों, नियमानुसार महिला अभ्यर्थियों तथा बी. ग्रेडिंग सहित 'सी' सर्टिफिकेटधारी एन.सी.सी. कैडटों को निम्नवत् ''हॉरिजॉटल'' आरक्षण प्रदान किया जायेगा-

| | |
|---|---|
| 1. स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों के लिए | 02% |
| 2. भूतपूर्व सैनिक (युद्ध में अपंग/ सेवा निवृत्त/शहीद) के पुत्र/पुत्री के लिए | 02% |
| 3. विकलांग अभ्यर्थियों के लिए | 03% |
| 4. महिला अभ्यर्थियों के लिए | 20% |
| 5. 'बी' ग्रेडिंग सहित 'सी' सर्टिफिकेट एन.सी.सी. कैडेट | 01% |

यह आरक्षण हॉरिजॉटल प्रकृति का होगा और उपर्युक्त प्रत्येक श्रेणी में योग्यता के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग/सामान्य श्रेणियों में से उस श्रेणी में रखा जायेगा जिससे वह संबंधित हैं। उदाहरणार्थ यदि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के वास्तविक आश्रितों को प्रदत्त आरक्षण के अंतर्गत चयनित कोई अभ्यर्थी अनुसूचित जाति का है, तो उसे अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों में समायोजित किया जायेगा। इसी प्रकार यदि विकलांग अभ्यर्थियों को प्रदत्त आरक्षण के अन्तर्गत चयनित कोई अभ्यर्थी अन्य पिछड़े वर्ग या सामान्य श्रेणी का है, तो उसे अन्य पिछड़े वर्ग या सामान्य श्रेणी के लिए आरक्षित सीटों में समायोजित किया जायेगा। इसी प्रकार यदि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों/भूतपूर्व सैनिकों के पुत्र, पुत्री/

CPMT 2014

विकलांग/महिला अभ्यर्थी इन उपश्रेणियों की अनारक्षित (ओपेन मेरिट) है तो अनारक्षित (ओपेन मेरिट) में रखा जायेगा। विकलांग अभ्यर्थियों की विकलांगता इस सीमा तक न हो कि चिकित्सा शिक्षा में बाधक हो। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों, भूतपूर्व सैनिक(युद्ध में अपंग/सेवानिवृत्त/शहीद) के पुत्र/पुत्रियों, विकलांग श्रेणी एवं 'बी' ग्रेडिंग सहित ''सी'' सर्टिफिकेट धारी एन.सी.सी. कैडेटों के जो अभ्यर्थी इन उपश्रेणियों में आवेदन करेंगे, वह इसी उपश्रेणी की आरक्षित सीट के विरुद्ध समायोजित किये जायेंगे।

आरक्षित श्रेणियों की सीटों के संबंध में निम्नलिखित शर्तों का पालन किया जायेगाः

(क) अनुसूचित जनजाति के अर्ह अभ्यर्थी पूरी संख्या में उपलब्ध न होने पर इन आरक्षित सीटों को अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के द्वारा भरा जायेगा।

(ख) प्रत्येक श्रेणी के अभ्यर्थी को अपने आवेदन-पत्र में निर्धारित स्थान पर संगत श्रेणी तथा उपश्रेणी जिसके अंतर्गत वह सी.पी.एम.टी. -2014 हेतु अभ्यर्थन कर रहा है, स्पष्ट रूप से इंगित करनी होगी। श्रेणियों का विवरण तथा कोड बिन्दु - 10 पर दिये गये हैं। किसी अस्पष्टता अथवा प्रमाण-पत्र के निर्धारित प्रपत्र पर न होने की स्थिति में उसे सामान्य श्रेणी का अभ्यर्थी माना जायेगा तथा उसकी श्रेणी को किसी भी दशा में परिवर्तित नहीं किया जायेगा।

(ग) सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ यदि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग का अभ्यर्थी योग्यता के आधार पर चयनित होता है, तो उसे आरक्षित सीटों में समायोजित नहीं किया जायेगा। किंतु ऐसे अभ्यर्थियों के लिए 3ग के प्राविधान लागू होंगे। अभ्यर्थी जो सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के समकक्ष मेरिट के आधार पर प्रवेश पायेंगे उन्हें उपर्युक्त आरक्षित सीटों की गणना में शामिल नहीं किया जायेगा।

(घ) अन्य पिछड़े वर्ग की श्रेणी के अंतर्गत प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को मद संख्या 11 के प्रमाण-पत्र संख्या 2 पर शासन द्वारा निर्धारित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यदि ऐसे अन्य पिछड़े वर्ग के अंतर्गत आरक्षण के लाभ के इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रमाण-पत्र प्रारूप-2 के अन्तर्गत प्रस्तुत नहीं करते हैं तो उन्हें सामान्य श्रेणी का अभ्यर्थी माना जायेगा।

(ड.) विकलांग अभ्यर्थियों को सुरक्षित सीटों पर एम.बी.बी.एस./बी.डी.एस./बी.एच.एम.एस./बी.ए.एम.एस./बी.यू.एम.एस. पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये अभ्यर्थियों को अपनी चिकित्सा परीक्षा मेडिकल विश्वविद्यालय में गठित विशेष मेडिकल बोर्ड से करानी होगी और उक्त बोर्ड द्वारा इस श्रेणी को आरक्षित सीट के समक्ष उसकी अभ्यर्थन के संबंध में दिये गये निर्णय अन्तिम रूप से मान्य होगा। उक्त विशेष बोर्ड के गठन के संबंध में आवश्यक आदेश महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा उत्तर प्रदेश द्वारा अलग से जारी किये जायेंगे। मेडिकल बोर्ड लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित होने के पश्चात काउसिलिंग के पहले दिनांक 10/07/2014 (**सम्भावित तिथि**) को प्रत्येक राजकीय मेडिकल कालेज में बैठेगा। मेडिकल बोर्ड के समक्ष केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को उपस्थित होना होगा जो लिखित परीक्षा की मेरिट के आधार पर विकलांग श्रेणी में अर्ह घोषित किये जायेंगे। केवल महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा उ.प्र. द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा दिया गया निर्धारित प्रारूप के प्रमाण-पत्र-3 पर दिया गया प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। यदि किसी अभ्यर्थी की बोर्ड की राय मे विकलांगता एम.सी.आई. द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है तो ऐसे अभ्यर्थी सी.पी.एम.टी. के किसी भी पाठ्यक्रम में अर्ह नहीं होंगे। मेडिकल काउन्सिल ऑफ इण्डिया के पत्र सं. एम.सी. आई-34(1)(GEN/2009.मेड/2569 दिनांक 21.04.2009 की व्यवस्था के अनुसार प्रथम काउन्सिलिंग में 50% से 70% लोकोमोटरी डिशएबिलिटी के विकलांग अभ्यर्थियों को विकलांग श्रेणी हेतु आरक्षित सीटें आवंटित की जायेंगी। द्वितीय काउन्सिलिंग में यदि विकलांग सीटें शेष रहती हैं तो ओपन केटेगीरी सीट मे शामिल करने से पूर्व इन सीटों को 40% से 50% लोकोमोटरी डिशएबिलिटी के अभ्यर्थियों को आवंटित किया जायेगा।)

(च) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के वास्तविक आश्रित और भूतपूर्व सैनिक (युद्ध में अपंग/सेवानिवृत्त/शहीद) के पुत्र/पुत्रियों तथा बी. ग्रेडिंग सहित ''सी'' सर्टिफिकेटधारी एन.सी.सी. कैडेट की श्रेणी के आरक्षित अभ्यर्थियों के लिये संगत श्रेणी के अभ्यर्थी होने के संबंध में शासनादेशों के साथ संलग्न प्रारूप पर दिये गये प्रमाण-पत्र ही मान्य होंगे। अनुसूचित जाति तथा जन जाति के जाति प्रमाण-पत्र का निर्धारित प्रारूप **प्रमाण-पत्र-4** है। अन्य राज्य/संघ शासित क्षेत्र से उत्तर प्रदेश में प्रवासित होकर आये अनुसूचित जाति अथवा जनजाति के अभ्यर्थी द्वारा अपने दावे के समर्थन में **प्रमाण-पत्र प्रारूप-पत्र - 5** पर प्रस्तुत करना होगा। यह प्रमाण-पत्र उत्तर प्रदेश में निवास स्थान के जिलाधिकारी/सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया होना चाहिए। न्याय एवं कार्मिक विभाग द्वारा दिये गये परामर्शानुसार ''स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित हेतु केवल यह पर्याप्त होगा कि वह व्यक्ति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का पुत्र/पुत्री, पुत्र का पुत्र, पुत्र आर्थिक रूपसे आश्रित होना आवश्यक नहीं होगा। स्वतंत्रता संग्राम की अविवाहित पुत्री हो। आश्रित को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पर सेनानी के पुत्र/पुत्री द्वारा अपने दावे के

CPMT 2014

समर्थन में निर्धारित प्रारूप के **प्रमाण-पत्र-6** पर ही प्रस्तुत करना होगा भूतपूर्व सैनिक (युद्ध में अंपग/सेवानिवृत्त/शहीद) के पुत्र/पुत्रियों को अपने दावे के समर्थन में निर्धारित प्रारूप के **प्रमाण-पत्र-7** पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। तथा 'बी' ग्रेडिंग सहित 'सी' सर्टिफिकेट धारी एन.सी.सी. कैंडेट को आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु निर्धारित प्रारूप के **प्रमाण-पत्र-8** पर ही प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**टिप्पणी - यदि मद संख्या-11 में दी गयी सूचियों में वर्णित जातियों के अतिरिक्त कोई और जाति भी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के अर्न्तगत शासन द्वारा मान्यता प्राप्त है परन्तु इन सूचियों में नहीं दर्शायी गयी है तो उसे भी आरक्षण का लाभ अनुमन्य होगा।**

## 5. प्रवेश पत्र
## (Admit Card)

(क) प्रवेश पत्र इंटरनेट पर हमारी वेबसाइट www.upcptmee2014.com तथा www.kgmu.org पर उपलब्ध कराये जायेंगे। अभ्यर्थी इंटरनेट से प्रवेश पत्र स्वतः डाउनलोड कर रंगीन प्रिंट करेंगे। प्रवेश पत्र डाक द्वारा नहीं भेजा जायेगा न ही कोई डुप्लिकेट प्रवेश पत्र जारी होगा। यथा संभव प्रयास किया जायेगा कि प्रथम वरीयता नगर में ही उसे केन्द्र आवंटित किया जाय। परन्तु परीक्षक संस्था प्रथम एवं द्वितीय वरीयता नगर के अतिरिक्त किसी भी नगर में केन्द्र आवन्टित कर सकती है एवं उसका निर्णय अंतिम होगा। अभ्यर्थी वेबसाइट पर अपना अनुक्रमांक और परीक्षा केन्द्र ज्ञात कर सकता है।

(ख) ऐसे किसी अभ्यर्थी को जिसे सी.पी.एम.टी.-2014 के लिए अर्ह पाया गया हो और जो किसी भी कारणवश परीक्षा में सम्मिलित न हो पाया हो, परीक्षा शुल्क न तो वापस किया जायेगा और न ही अगले वर्षों के सी.पी.एम.टी. के लिए समायोजित किया जायेगा।

(ग) अभ्यर्थी को केवल नियत केन्द्र पर ही सी.पी.एम.टी.-2014 में बैठने की अनुमति दी जायेगी। एक बार आवंटित किये गये परीक्षा केन्द्र को बदलने हेतु कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(घ) यदि भूल से किसी ऐसे अभ्यर्थी को सी.पी.एम.टी.-2014 में बैठने की अनुमति दे दी जाती है जिसे परीक्षा में बैठने का अधिकार न हो, चाहे उस अभ्यर्थी को प्रवेश-पत्र दे दिया गया हो, और उस प्रवेश-पत्र को सी.पी.एम.टी.-2014 परीक्षा केन्द्र के अधीक्षक को प्रस्तुत कर दिया गया हो, तो भी चेयरमैन, सी.पी.एम.टी.-2014 को अधिकार है कि वह परीक्षा में बैठने की इस अनुमति को निरस्त कर सकता है।

(ङ) किसी भी दशा में सी.पी.एम.टी -2014 का आवेदन शुल्क वापस नही किया जाएगा न ही अग्रिम वर्षों में समायोजित किया जायेगा।

No Admit Card will be sent by Post. Admit Card shall be available for download on our website www.upcpmtee2014.com and www.kgmu.org. Admit Card can be downloaded using your valid user name and password from 5th June, 2014.

प्रवेश पत्र डाक द्वारा नहीं भेजा जायेगा। प्रवेश पत्र इंटरनेट पर हमारी वेबसाइट www.upcpmtee2014.com तथा www.kgmu.org पर उपलब्ध कराये जायेंगे। प्रवेश पत्र दिनाँक 5 जून 2014 से **download** कर सकते हैं। इसके लिए आपके द्वारा फार्म भरते समय प्रयोग किये गये **user name** तथा **password** की आवश्यकता होगी। कृपया अभ्यर्थी महत्तवपूर्ण सूचना प्राप्त करने के लिए अपना वैद्य ई-मेल/मोबाइल नम्बर उपलब्ध करायें।

## 6. अनुचित साधन
## (Unfair Means)

सी.पी.एम.टी.-2014 में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर चाहे उनका परिचयन परीक्षा के समय हुआ हो अथवा मूल्यांकन के समय अथवा किसी अन्य स्थिति में, अभ्यर्थी की परीक्षा को निरस्त कर दिया जायेगा।

परीक्षा स्थान पर कैलकुलेटर, डिजिटल डायरी, लागटेबल, लैपटाप पेजर या सेल्यूलर फोन, ब्लूटूथ, इलैक्ट्रानिक घड़ी लेकर जाना या प्रयोग करना या अन्य किसी जुगाड़ का प्रयोग करना अनुचित साधनों (न्दंपित डमंदे) का प्रयोग करना माना जायेगा।

## 7. चयन एवं काउंसिलिंग
## (Selection & Counseling)

### 7.1 मेरिट सूची :

सभी पाठ्यक्रमों में पाठ्यक्रम एवं कालेज का आवंटन मेरिट के आधार पर काउंसिलिंग के माध्यम से किया जायेगा। मेरिट सूची में अभ्यर्थी का मेरिट क्रम जूलोजी, केमिस्ट्री, फिजिक्स तथा बॉटनी के प्रश्नपत्रों में उसके प्राप्तांकों के योग के आधार पर होगा। यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों के उक्त चारों विषयों के प्राप्तांकों का योग समान होता है, तो पारस्परिक मेरिट प्रथमतः जन्तु विज्ञान प्रश्न पत्र के प्राप्तांकों के मेरिट के क्रम में किया जायेगा। जन्तु विज्ञान के अंक भी समान हों तो रसायन शास्त्र, तथा उसके बाद भौतिक शास्त्र में प्राप्त अंकों के क्रम में मेरिट निर्धारित की जायेगी। यदि उक्त सभी विकल्पों के बावजूद मेरिट निर्धारित नहीं हो पाती, तो सम्बन्धित अभ्यर्थियों का मेरिट क्रम कुलपति किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ.प्र. लखनऊ द्वारा नामित अधिकारी के समक्ष लाटरी (टॉस) के आधार पर निर्धारित किया जायेगा।

### 7.2 परीक्षाफल/मेरिट सूची की घोषणा :

(क) सी.पी.एम.टी.-2014 के परीक्षाफल/मेरिट सूची/प्राप्तांकों की सूचनायें किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ.प्र. लखनऊ की वेब साइट www.kgmu.org, www.upcpmtee2014.com में प्रकाशित होगी। अगर परीक्षाफल घोषित होने के बाद कोई त्रुटि होती है तो आवश्यक संशोधन भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट में प्रकाशित कराया जायेगा (इसके अलावा अगर कोई अन्य समाचार पत्र परीक्षाफल अपने आप अनाधिकृत रूप से प्रकाशित करता है एवं उसमें गलतियां रह जाती हैं और इसका संशोधन प्रकाशित नहीं करता है तो इसके लिए चेयरमैन, सी.पी.एम.टी.-2014 उत्तर प्रदेश शासन अथवा चेयरमैन काउंसिलिंग बोर्ड किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होंगे व उसके आधार पर अभ्यर्थी किसी प्रकार का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा)।

(ख) परीक्षाफल/मेरिट सूची हमारी वेबसाइट www.kgmu.org, www.upcpmtee2014.com पर उपलब्ध करायी जायेगी। डाक द्वारा नहीं भेजी जायेगी। वेबसाइट पर Solution Key भी उपलब्ध करायी जायेगी।

(ग) **स्क्रूटिनी (पुनरीक्षण) का प्रावधान :** अभ्यर्थी प्राप्त अंकों का आंकलन स्वयं O.M.R. answer sheet की कार्बन प्रतिलिपि के उत्तरों को Solution Key से मिलाकर कर सकता है। परन्तु यदि उसे प्रतीत होता है कि कोई त्रुटि हो गयी है तो वह सी.पी.एम.टी.-2014 को रु. 350/- प्रति प्रश्न पत्र का बैंक ड्राफ्ट जो लखनऊ में देय हो भेजकर परीक्षाफल घोषित होने के 05 दिन के अन्दर सादे कागज पर अथवा पंजीकृत इमेल एड्रेस से आवेदन के साथ स्क्रूटिनी करा सकता है।

### 7.3 काउंसिलिंग संबंधी सूचना :

(क) प्रथम चक्र की काउंसिलिंग 25 जुलाई 2014 के पूर्व होगी। मान्यता प्राप्त कॉलेजों के एम.बी.बी.एस., बी.डी.एस., बी.एच.एम.एस., बी.ए.एम.एस. तथा बी.यू.एम.एस. पाठ्यक्रमों हेतु काउंसिलिंग की जायेगी तथा काउंसिलिंग संबंधी तिथियां समय तथा स्थान व अन्य विवरण परीक्षाफल के साथ यथासंभव प्रकाशित किया जायेगा। काउंसिलिंग का कार्य महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश द्वारा किया जायेगा तथा सम्बन्धित सूचना महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ.प्र. द्वारा प्रदेश के मुख्य समाचार पत्रों तथा वेबसाइट (www.updgme.in ) में प्रकाशित की जायेगी।

CPMT 2014

